पंजाब केसरी
27-12-2025

जी.एम.एन. कॉलेज में वीर बाल दिवस पर सामूहिक चर्चा आयोजित

वीर बालकों का जीवन विद्यार्थियों के लिए त्याग, साहस और धर्मनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 26 दिसम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, विचार-विमर्श की क्षमता तथा अभिव्यक्ति कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पंजाबी विभाग, वूमैन सैल तथा संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक चर्चा एवं पीयर सर्किल गतिविधि का आयोजन बड़े सम्मान एवं उत्साह के साथ किया गया।

बता दें कि वीर बाल दिवस सिख इतिहास के महान वीर बालकों साहिबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह तथा साहिबजादा फतेह सिंह की अद्वितीय वीरता, बलिदान एवं धर्म के प्रति अटूट आस्था को स्मरण करने हेतु मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों, साहस तथा सामाजिक चेतना की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने वक्तव्य में कहा कि वीर बालकों का जीवन विद्यार्थियों के लिए त्याग, साहस और धर्मनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम की संयोजक पंजाबी विभागाध्यक्ष सहायक प्रो. राजविंदर कौर रहीं, जबकि सह-संयोजक के रूप में संगीत विभाग की सहायक प्रो. डॉ. मनजीत कौर तथा वूमैन सैल की संयोजिका सहायक प्रो. डॉ. नेहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजित सामूहिक चर्चा एवं पीयर सर्किल गतिविधि में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया तथा विषय से सम्बंधित अपने विचार तार्किक, अनुशासित एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में जनसंचार एवं मीडिया विभाग के सहायक प्रो. राजिंदर मीरवाल तथा संस्कृत विभाग की सहायक प्रो. प्रियंका भी उपस्थित रहीं। सभी वक्ताओं ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए वक्ता। (चंद्रमोहन)